राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन, राजस्थान

राज्यपाल श्री बागडे की राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शुभकामनाएं

जयपुर,24 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने देश के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा है कि लोकतंत्र में मतदाता ही राष्ट्र का भाग्य विधाता होता है। उन्होंने मतदाता दिवस को मतदान जागरूकता पर्व बताते हुए कहा कि इस दिन हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि मतदान से कोई वंचित नहीं रहे। लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी है। मतदान दिवस इसी सोच के लिए हमें जागरूक करता है। उन्होंने प्रदेश में सभी पात्र युवाओं से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने, मतदान जागरूकता के लिए वातावरण निर्माण करने का आह्वान किया है।

राज्यपाल ने भगवान श्री देवनारायण जयंती पर शुभकामनाएं दी

जयपुर, 24 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने लोक देवता भगवान श्री देवनारायण जयंती (25 जनवरी) की बधाई और शुभकामनाएं दी है।

श्री बागडे ने कहा कि गौ रक्षक और असहाय लोगों के कष्ट दूर करने वाले लोक देवता भगवान श्री देवनारायण जी जन–जन के आराध्य हैं। उन्होंने भगवान श्री देवनारायण जयंती पर उनके संदेशों पर चलते हुए जीवन से जुड़ी बुराइयों से लड़कर अच्छाइयों के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया है।